<u>सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में परेड</u>

कदम –कदम मिलाए जा , खुशी के गीत गाए जा,

ये जिन्दगी है कौम की , तु कौम पे लुटाए जा।।

दिनांक 16 जनवरी 2018 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय में कक्षा 3 से कक्षा 11 वीं के छात्र– छात्राओं ने परेड प्रतियोगिता में भाग लिया । प्रत्येक कक्षा के छात्र –छात्राओं ने तीन –तीन छात्रों की 11 पंक्तियाँ बनाई जिसका नेतृत्व उनका कमान्डर कर रहा था तथा एक छात्र ध्वजवाहक था । छात्र –छात्राओं ने उचित सामंजस्य के साथ कदम से कदम मिलाकर परेड करते हुए वातावरण में उत्साह का संचार कर दिया।

इस परेड के अवलोकन का कार्य विद्यालय के उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज सुश्री आशा सिंह (प्रशिक्षिका , भारत स्काउट एवं गाइड) द्वारा किया गया। विजेता कक्षा की टीम 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) पर परेड में हिस्सा लेंगीं ।